हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 तुलसी नेवरा में चल रही भागवत कथा में मिली ...

12 हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# साइबर ठगी से बचाव के लिए बलौदाबाजार में चला जागरूकता रथ

## पुलिस और एसबीआई की संयुक्त पहल, गार्डन चौक से हुआ रथ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ लोगों को सतर्क करने के उद्देश्य से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से संयुक्त साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को गार्डन चौक बलौदाबाजार से साइबर सतर्कता रथ को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में एसडीओपी निधि नाग, उप पुलिस अधीक्षक तुलसी लेकाम, एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक सुबोध तिवारी एवं शाखा प्रबंधक इंद्र प्रकाश सिन्हा सहित अनेक पुलिस और बैंक अधिकारी मौजूद रहे। रथ के माध्यम से ऑडियो-विजुअल, नुक्कड़ नाटक एवं वार्ताओं के माध्यम से आमजन को सतर्क किया जाएगा। कार्यक्रम में एसबीआई गार्डन चौक शाखा के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, यातायात शाखा, थाना सिटी कोतवाली स्टाफ, बैंकिंग प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक सुबोध तिवारी एवं शाखा प्रबंधक इंद्र प्रकाश सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई के अधिकारियों ने उपस्थित बैंककर्मियों, पुलिस स्टाफ और मीडिया ▶▶ शेष पेज 11 पर




### जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षाः एसपी

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। यदि हम सतर्क रहेंगे और दूसरों को भी सतर्क करेंगे, तभी साइबर अपराधियों को रोका जा सकता है। उन्होंने एसबीआई द्वारा लिए गए इस सार्थक प्रयास की सराहना की और बलौदाबाजार पुलिस द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आत्मीय भेंट

**हथबंद।** आज रायपुर निवास अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा माननीय डॉ रमन सिंह जी से उनके निज निवास कार्यालय पर माननीय मंत्री टंकराम वर्मा के साथ गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय मुलाकात करते हुए नए नवापारा हथबंद मंडल अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष को आत्मीय मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। आप की निष्ठा, समर्पण और सक्रियता भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को और अधिक सशक्त बनाते हुए मंडल को विकास की नई दिशा प्रदान करेगी।

### सेवा ट्रस्ट ने कराया घायल गौ माता का इलाज



**बलौदाबाजार।** मंगलवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने ग्राम ढाबाडीह रिसदा के पास सड़क पर चल रही गाय को एक्सीडेंट कर फरार हो गया। वहां पर खड़े लोगों के द्वारा तत्काल भारत माता सेवा ट्रस्ट से संपर्क साधा गया। घटना के संज्ञान में आते ही ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर के मार्गदर्शन में ट्रस्ट के सदस्य एक्टिव हो गए तुरंत पशु-चिकित्सा विभाग जिला बलौदाबाजार -भाटापारा के उपसंचालक डॉ नरेन्द्र सिंह से संपर्क किया गया तथा उनके निर्देश पर पशु चिकित्सक डॉ केशव साहू को कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा द्वारा बुलवाकर घायल गौ माता का इलाज कर नई जिंदगी प्रदान किया गया। इस पुण्य के कार्य में मुख्य रूप से पशु चिकित्सक डॉ केशव साहू बलौदाबाजार, सतीश मानसरोवर ठेलकी, केदार सेन ठेलकी, सुमित यदु पौसरी-चांपा और गौरव सेन सेम्हराडीह, टिकेश वर्मा और शेखर वर्मा मगरवाय का बहुमूल्य योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों से की समीक्षा बैठक

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव को जनमानस जोड़कर दिव्य व भव्य बनाएं : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

### रजत महोत्सव में आम जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह उत्सव केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर छत्तीसगढ़वासी की भागीदारी वाला जन महोत्सव है, अतः हर स्तर पर आम जनता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ किया कि यह रजत महोत्सव राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा का उत्सव है, जो ज्ञान थीम (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) पर आधारित रहेगा। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के आयोजनों के माध्यम से प्रदेश की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। रजत महोत्सव की शुरुआत 15 अगस्त को हो चुकी है और इसका समापन फरवरी 2026 में बड़े स्तर पर किया जाएगा। बैठक में बलौदाबाजार से कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। सभी अधिकारियों को रजत उत्सव को सफल बनाने के लिए समयबद्ध कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।






### ई-गवर्नेंस और कृषि प्रगति की भी हुई समीक्षा

बैठक में मुख्यमंत्री साय ने ई-कोर्ट, एग्रीस्टेक पोर्टल, फसल सर्वे एवं किसान पंजीयन कार्य की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इस हेतु ऑनलाइन व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। किसान हित में सभी कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### हर जिले में होंगे जनसहभागिता वाले आयोजन

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासपरक आयोजनों की योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि प्रत्येक आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और किसानों की प्रत्यक्ष भागीदारी होनी चाहिए, जिससे यह उत्सव केवल औपचारिक न रह जाए, बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बने।

# बलौदाबाजार को 78.25 करोड़ की सौगात, सड़कों और पुल-पुलियों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से जिले के सड़क नेटवर्क को मिला नया विस्तार

छत्तीसगढ़ शासन ने जिले के सड़क नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए 78.25 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग द्वारा नयापारा से सकरी सतभाँवा मार्ग, बलौदाबाजार रिसदा बाईपास मार्ग, पुल-पुलिया निर्माण तथा रिसदा-हथबंद-सिमगा मार्ग के 48.60 किलोमीटर डामर मजबूतीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

मंत्री वर्मा ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण अंचलों का संपर्क बेहतर होगा। इससे व्यापार, कृषि और शिक्षा क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा आम नागरिकों के आवागमन में भी सुगमता आएगी।

### गुणवत्ता और समयबद्धता पर रहेगा विशेष जोर

सरकार ने इन कार्यों को उच्च तकनीकी मानकों के अनुसार तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण एजेंसी को चेतावनी दी गई है कि समय पर कार्य नहीं होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही, पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य होगा। शासन ने विशेष मॉनिटरिंग व्यवस्था के तहत इन परियोजनाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

### प्रमुख निर्माण कार्यों का विवरण

नयापारा से सकरी सतभाँवा मार्ग (5.8 किमी) : 7 करोड़ 82 लाख 58 हजार रुपये। रिसदा-हथबंद-सिमगा मार्ग (48.60 किमी डामरीकरण) : 49 करोड़ 17 लाख 83 हजार रुपये। रिसदा बाईपास मार्ग (7 किमी) : 20 करोड़ 98 लाख 57 हजार रुपये। परियोजना में पुल एवं पुलिया निर्माण भी शामिल है। शासन ने कार्यों को उच्च तकनीकी मानकों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। गुणवत्ता और पारदर्शिता की निगरानी के लिए विशेष मॉनिटरिंग व्यवस्था भी होगी।

# महुआ शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री पर मारा छापा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/कसडोल

- 69 बल्क लीटर कच्ची शराब, 1000 किलो लाहन और नगदी जब्त

क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण और तस्करी पर शिकंजा कसते हुए मंगलवार को आबकारी विभाग और थाना गिधौरी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सहायक आबकारी अधिकारी जलेश सिंह के नेतृत्व में बलौदा ग्राम स्थित सबरिया डेरा में छापा मारते हुए एक मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया।

कार्रवाई के दौरान आरोपी राजा पिता महावीर गोंड (उम्र 18 वर्ष) को मौके से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 69 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब, 1000 किलोग्राम महुआ लाहन और 10,000 नगद राशि जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी ▶▶ शेष पेज 11 पर



### आबकारी विभाग का बढ़ा दबाव, तस्करों में हड़कंप

कसडोल में सहायक आबकारी अधिकारी जलेश सिंह की पदस्थापना के बाद से अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। बीते कुछ महीनों में की गई कार्रवाईयों से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जलेश सिंह के नेतृत्व में चल रही टीम द्वारा कई डेरों पर छापेमारी कर शराब भट्टियों को नष्ट किया गया है और कई आरोपियों को जेल भेजा गया है।

## तीजा-पोरा उत्सव के लिए राजस्व मंत्री को सौंपा आमंत्रण



**हथबंद** । बलौदाबाजार जिला विकासखंड सिमगा के विभिन्न गावो कार्यक्रमों का आमंत्रण कार्ड दिया गया जिसे मंत्री द्वारा आमंत्रण स्वीकार किए सभी ने मिलकर धन्यवाद ज्ञापित कर खुशी जाहिर की क्षेत्र हथबंद, खरगाडीहा, कुकराचुंदा, लवार, मुडपार, उड़ेला,के लोग इस महत्वपूर्ण आयोजन में मंत्री जी की उपस्थिति की अपेक्षा रखते हैं। डॉ. दौलतराम पाल जनपद अध्यक्ष सिमगा के रूप में अपनी भूमिका में सक्रिय दिखाई देते हैं। उन्होंने इस अवसर पर मंत्री जी को आमंत्रित करने के लिए मुख्य रूप से जनपद सदस्य खोमलाल साहू, सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, उड़ेला सरपंच, उप सरपंच नरेश साहू, कुकराचुंदा उप सरपंच, शकाहरिता समिति अध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, यश साहू, मनीष पाल, सोशल मिडिया ▶▶ शेष पेज 11 पर

# खाद्य विभाग का छापा, 65 में से 4 खाद्य नमूने पाए गए अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- बरसात व त्योहार के मद्देनज़र चलित प्रयोगशाला से हुई जांच

बरसात और त्योहारों के मौसम में मिलावटखोरी पर लगाम कसने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ की टीम ने मंगलवार को रोहांसी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 65 खाद्य नमूनों की जांच की गई, जिसमें 4 नमूने अवमानक पाए गए। शेष 61 नमूने मानक स्तर पर खरे उतरे। अवमानक नमूनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

यह कार्रवाई नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा के नेतृत्व में जांच अभियान संपन्न हुआ, जिसमें टीम ने दुकानों, ढाबों, होटल और मिठाई दुकानों की जांच कर वहां उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के साथ ही व्यापारियों को कड़े निर्देश भी दिए। खाद्य विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कोई भी खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता अवश्य जांचें और किसी भी तरह की मिलावट की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें। अखबार ▶▶ शेष पेज 11 पर



## जगह-जगह गड्ढों में गिरकर लोग हो रहे घायल

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग जानलेवा, रोज हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर हालत अब सीधे तौर पर आमजन की जान पर बन आई है। जगह-जगह बने गहरे और जलमग्न गड्ढों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। मंगलवार को सुबह कई वाहन मार्ग में फंसे रहे, वहीं एक महिला का हाथ टूट गया और कई छोटे बच्चे गिरकर घायल हो गए। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग और प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

इस मार्ग पर कई वर्षों से सिर्फ औपचारिक मरम्मत कर खाना पूर्ति की जा रही है। दो दिन की हल्की बारिश ने ही विभाग की कथित मरम्मत की पोल खोल दी है। सड़क पर बने गड्ढों में अब घुटने भर पानी भर चुका है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए सफर करना चुनौती बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और शासन-प्रशासन इस मार्ग की गंभीरता को समझना ही नहीं चाहते।

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग हर समय व्यस्त रहता है, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती रही है। वहीं शबरी सेतु पुल की भी हालत खराब है, जहां एक साइड की मरम्मत तो की गई, लेकिन दूसरी ओर गड्ढे अब भी जानलेवा बने हुए हैं। सड़क पर 'खतरों' की कतार गिधौरी से शिवरीनारायण के बीच चंद कदम की दूरी में दर्जनों गहरे गड्ढे बन चुके हैं। ये गड्ढे किसी भी वक्त गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं। लगातार हादसों के बावजूद जिम्मेदारों का रवैया लापरवाह बना हुआ है। यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी अहम है, लेकिन आम श्रद्धालुओं को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है।




### पीडब्ल्यूडी की खानापूर्ति से नाराज़ हैं क्षेत्रवासी

मरम्मत नहीं, सिर्फ दिखावा बीते सप्ताह खबर प्रकाशित होने के बाद आनन-फानन में गड्ढों में पत्थर व चूना डलवाया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे उभर आए हैं। यही विभागीय कार्यशैली पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। गर्मी के दिनों में इस मार्ग को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया और अब बरसात में सड़क सुधारना और भी मुश्किल हो गया है।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### खरोरा में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दही हांडी व मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दही हांडी उत्सव में लड़कों और लड़कियों की टोली ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, अंत में लड़कों की टोली विजेता रही। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। बच्चों के डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने खूब एंजॉय किया। कार्यक्रम के अंत राखी बनाओ प्रतियोगिता भाग लेने वाले, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शामिल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दिया।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे आज

**बलौदाबाजार।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 81वीं जयंती का आयोजन आज 20 अगस्त 2025, दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बलौदाबाजार में किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने बताया कि स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा थे। इस अवसर पर जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी, विधायकगण, पूर्व विधायकगण, लोकसभा प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, सेवा दल, यूथ कांग्रेस, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभागों के पदाधिकारी तथा निकाय एवं जनपद के निर्वाचित प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### एक्सीडेंट में पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** बुलेट की टक्कर से बाइक में जा रहे पति-पत्नी घायल हो गए। मामला ग्राम पाटसेंद्री के पास का है। घटना की रिपोर्ट सरायपाली थाने में दर्ज कराई गई है। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी रामेश्वर पटेल ग्राम खपराखोल ने बताया कि उसे 18 अगस्त को उसे सूचना मिली कि दीदी और जीजा का सागर आटो पार्ट्स पाटसेंद्री सरायपाली के आगे एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद वह सरायपाली के निजी हॉस्पिटल आया, जहां देखा कि उसकी दीदी प्रेमिका पटेल एवं जीजा विद्याधर पटेल एडमिट थे। पूछने पर जीजा विद्याधर पटेल ने बताया कि चंद्रपुर से अपने ग्राम खुटेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 8898 से दोनों आ रहे थे। ग्राम पाटसेंद्री के सागर आटो पार्टस के पहले पहुंचे थे कि सामने सरायपाली की ओर से आ रही बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीयू 1014 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से हमारे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

### सड़क किनारे खड़े वाहन से कंटेनर की टक्कर

**महासमुंद।** सड़क किनारे खड़े एक वाहन से टकराने से कंटेनर चालक की मौत हो गई। घटना पिथौर थाना अंतर्गत ग्राम टेका के पास की है। पुलिस न बताया कि 16 अगस्त को रांची झारखंड से कंटेनर वाहन क्रमांक जीजे 01 एलटी 9768 का चालक मोहम्मद शादाब खान वाहन पार्सल सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। 17 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे एनएच 53 रोड किनारे ग्राम टेका के पास अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को रोड किनारे बिना किसी संकेत के लापरवाही पूर्वक खड़ा कर दिया था। जिससे कंटेनर वाहन क्रमांक जीजे 01 एलटी 9768 टकरा गय। एक्सीडेंट में कंटेनर के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्रायवर मोहम्मद शादाब के सिर, गुप्तांग एवं शरीर के अन्य भाग में चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**पर्व : न्यायिक कर्मचारी आवासीय परिसर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई**

# अंचल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भाठागांव स्थित न्यायिक कर्मचारी आवासीय परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लड्डू गोपाल की महाआरती से हुआ, जिसमें देहुती वर्मा, दीप्ती नामदेव, सरोजनी मधुकर, निशा सिंह कंवर, राजकुंवर, ऐमिन साहू, तरूणा सूर्यवंशी, इन्द्रावती सिंह एवं निम्मी साहू सहित कॉलोनी वासियों ने सहभागिता की। बच्चों के लिए चम्मच-नींबू दौड़, कुर्सी दौड़ एवं मटका फोड़ जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को रीडर ग्रेड-1 रोहित साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन कॉलोनी संचालक मंडल के बिहारी लाल बांधे, मोरध्वज मधुकर, रामदास साहू, रामेश्वर सिंह एवं ढकेश्वर सूर्यवंशी सहित सभी कॉलोनी वासियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ, जिला शाखा बलौदाबाजार-भाटापारा के अध्यक्ष गुलाब घृतलहरे ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी नगरवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।





### गरबा समिति ने धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



**खरोरा।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर खरोरा अंचल में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। वार्ड क्रमांक 14 सहित विभिन्न मोहल्लों में मटका फोड़, दही हांडी और जलेबी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसने उत्सव में खास रंग भर दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण से क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। पूरे अंचल में जन्माष्टमी की धूम ने वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया।

### प्राथमिक शाला में मना जन्माष्टमी पर्व



**बगबुड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया।बच्चे श्री कृष्ण एवं राधा रानी की वेशभूषा में सजधज का शाला में आए थे, सर्वप्रथम शाला परिवार की प्रधान पाठक भूमिता कुर्रे, शिक्षिका सुनीता साहू, शिक्षक कान्हा साहू द्वारा राधा कृष्ण की पूजा कर जन्माष्टमी पर्व की शुरुआत किया गया।

राधा रानी और कृष्ण के रूप में सजे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने अपना परिचय राधा और कृष्ण के अलग अलग नाम से दिया। उसके बाद मोनिका और ट्विंकल ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया । राधा और कृष्ण बने सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से गरबा नृत्य किया। उसके बाद दही हांडी लूट में कृष्ण और बाल शाखाओं ने पिरामिड बनाकर दही हांडी फोड़ा। सभी बच्चों के लिए रस्साकशी और मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया । अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया ,सभी बच्चे बहुत ही प्रसन्नता से कार्यक्रम में सहभागी बने।

## यादव समाज ने धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**गिधौरी।** यादव समाज द्वारा नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से रविवार को मनाया गया जगह जगह टोली ने मटकी फोड़ा धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में महानदी किनारे रपटा घाट में यादव धर्मशाला है जहां से पारंपरिक रावत नृत्य कर्मा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा थाना रोड, मंदिर रोड, मध्य नगरी चौक, न्यू मार्केट, वीडियो चौक, मेन रोड, बॉम्बे मार्केट, केरा चौक, पुराना रपटा रोड होते हुए नगर भ्रमण कर वापस यादव धर्मशाला में समाप्त हुई। शोभायात्रा में समाज के सदस्य पीला वस्त्र पहनकर शामिल हुए। भगवान श्री कृष्ण के तैलचित्र के साथ राधा कृष्ण की जीवंत झांकी को सुसज्जित रथ में बिठाकर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के समापन के बाद यादव धर्मशाला में भगवान श्री कृष्ण की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग शामिल हुए। मुख्य रूप से राजेंद्र यादव, सीताराम यादव, भरतलाल यादव, गोपाल यादव, बजरंग यादव, जयराम यादव, कार्तिक यादव, मनोज यादव, इतवारी यादव, हरिशंकर यादव, लल्लू यादव, मनीष यादव, प्रदीप यादव, प्रवीण यादव सहित सभी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी को सफल बनाने में योगदान दिया । इस अवसर पर मीडिया के माध्यम से सीताराम यादव, भरत लाल यादव ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए बताया कि परम्परा अनुसार प्रत्येक वर्ष यह धार्मिक आयोजन होता है सभी बढ़ चढ़कर भाग लेते है।





### संकुल केंद्र पचरी में मना जन्माष्टमी उत्सव



**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा नेवरा के अंतर्गत संकुल केंद्र पचरी के विद्यालयों में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की झांकियां, नृत्य-नाटिकाएं और मटका फोड़ प्रतियोगिता प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण के उपदेश "सत्य के मार्ग पर चलो, धर्म की रक्षा करो और कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करो" का उल्लेख कर बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक परस कुमार देवांगन, हरीश कुमार साहू और शांता पठारे ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का विकास करते हैं।

## तुलसी नेवरा में चल रही भागवत कथा में मिली जीवन मूल्य की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

ग्राम तुलसी नेवरा में आयोजित भागवत कथा में पंडित उपेंद्र शर्मा ने श्रीकृष्ण लीला का सुंदर व सरल वर्णन करते हुए श्रोताओं को जीवनोपयोगी संदेश दिए। कथा के दौरान गोचारण, गोवर्धन धारण, कालियादमन, रासलीला, कंस वध तथा रुक्मणी-कृष्ण विवाह प्रसंग सुनाए गए। पंडित शर्मा ने कहा कि कालिया नाग केवल सर्प नहीं बल्कि मनुष्य के भीतर का क्रोध रूपी विकार है। क्रोध को पाप का मूल बताते हुए उन्होंने श्रोताओं से संयम और प्रभु स्मरण को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा मात्र डिग्री तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्या मनुष्य को विनम्रता और संस्कार प्रदान करती है। रुक्मणी-कृष्ण विवाह प्रसंग पर उन्होंने विवाह को जीवन का पवित्र संस्कार बताते हुए कहा कि यह केवल सामाजिक बंधन नहीं बल्कि धार्मिक व पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वाह है। कथा के दौरान पंडित उत्कर्ष शर्मा व भारत यादव ने भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु झूमते-नाचते रहे और आयोजन परिवार देवहूति वर्मा, संध्या वर्मा व अंजू वर्मा ने भक्ति भाव से यज्ञ व पूजन कार्य संपन्न कराया। रुक्मणी-कृष्ण विवाह की सजीव झांकी ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

## मिनीमाता महिला समूह ने स्कूली बच्चों में वितरित की स्टेशनरी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

प्राथमिक शाला सिंधोरा के स्कूल प्रांगण में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सरपंच दयाल महेश्वर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया जहां गांव के गणमान्य नागरिक महिला पुरुष बच्चे आदि जोर शोर से भाग लिया रंगारंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गा महेश्वरी रहे मिनीमाता महिला समूह के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती मनाई।

25 वर्ष तक एक ही अध्यक्ष कृष्णा देवी डेहरिया तथा सचिव अमरौतीन महेश्वर ने अपने समूह का निर्विवाद भली भांति संचालन किया अध्यक्ष एवं सचिव के अच्छे कार्य करने पर मुख्य अतिथि के हाथों साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कृष्णा देवी डहरिया तथा अमरावती महेश्वर के द्वारा अपने समूह के सदस्यों को साड़ी भेंट किया साथ ही समूह के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों द्वारा प्राथमिक शाला के संपूर्ण बच्चों को संपूर्ण विषय के लिए कॉपी और पेन बाँटें । इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे गणमान्य नागरिक एवं पंचगण, शंभू सिंह डहरिया, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सिंधोरा रेवती यादव, उपसरपंच रुक्मणी चंद्राकर, नर्मदा महेश्वर, सीमा यादव, राम बच्चन, आसकुमार, बलराम यादव, केजू यादव, सुरेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, नरोत्तम, केजराम, दिनेश, धर्मेंद्र चंद्राकर, शिक्षकगण सुरेंद्र पटेल, नायक, विद्यासागर कनौजे, सरकार सर वर्मा, सर आडिल, मैडम आदि सभी ने समूह को बधाइयां दी ।



## 80 हेक्टेयर भूमि को मिलेगा सिंचाई का लाभ

**पलारी** । महानदी जल सिंचाई परियोजना जिला बलौदाबाजार लवन शाखा नहर अंतर्गत कुसमी से गोंडा आर. सी. सी. ट्रफ नहर निर्माण लगभग 7- 8 करोड़ की लागत राशि से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के अनुशंसा पर वर्ष 2017-2018 में नहर निर्माण हुआ था, जिसके विस्तार हेतु 75.98 लाख की राशि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के अनुशंसा पर जल संसाधन मंत्री छ.ग. शासन केदार कश्यप द्वारा राशि स्वीकृत किया गया।



किसानों हर्ष व्यक्त किया गोंडा गिर्रा सिंधौरा कुसमी कृषि के क्षेत्र में यह विकास कार्य 80 हेक्टेयर खरीफ फसल की सिंचाई हेतु पानी उपलब्धता होगी जिससे किसानों के लिए यह नहर वरदान साबित होगी किसान अब प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर न रहकर इस नहर के विस्तार होने से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकेगा इस कार्य के लिए चारों गांव के किसानों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार व्यक किया। जिसमें प्रमुख रूप से शंभू सिंह डहरिया, दुर्गा प्रसाद तेजराम वर्मा, केशरी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, खिलेंद्र साहू, महेंद्र साहू दुलेश्वर वर्मा, केशव वर्मा, दशरथ कन्नौजे, हेमंत वर्मा, नरोत्तम महेश्वर, दयाल महेश्वर, धर्मेंद्र चंद्राकर, केजरम महेश्वर, लोकेश्वर वर्मा, संतोष वर्मा, नेमसिंह वर्मा आदि शामिल है ।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने चलाया अभियान - एक पेड़ मां के नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरदहा प्रांगण में किया गया। समाज ने वर्षभर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया है। केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने कहा कि पेड़ लगाना स्थायी स्मृति है, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य निर्माण में सहायक होगा। महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने इसे माताओं के सम्मान और ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने का सशक्त उपाय बताया। कार्यक्रम में समाज की विधान एवं आचार संहिता तथा अभिलेखों के संरक्षण पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी, महिला व युवा इकाई के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और वृक्षारोपण के साथ कार्यशाला को सफल बनाया।

**सुमिरन समाज सेवी संस्था एवं युग चेतना महिला मंडल की रही भूमिका**

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

तीज त्यौहार पर महिला सशक्तिकरण छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर के अंतर्गत तीज पर्व को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम अर्जुनी में विगत दिवस तीज त्यौहार के उपलक्ष्य पर महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम का आयोजन सुमिरन समाज सेवी संस्था एवं युग चेतना महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कमला वर्मा द्वारा माँ सरस्वती एवं माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जनपद सभापति प्रतिनिधी वेदेश्वरी त्रिलोक यादव ने महिलाओ व बेटियों पर बहुत सुन्दर गीत की प्रस्तुति दी साथ ही कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए पुनः ऐसे कार्यक्रम के आयोजन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में तीज सम्बन्धित काव्य संगोष्ठी में भाटापारा की कवियित्री वंदना गोपाल शर्मा (शैली), तुलेश्वरी धुरंधर, निवेदिता वर्मा (मेघा) ने महिला मन पर अपनी काव्य कृति की प्रस्तुती दी। राम जानकी मानस मंडली द्वारा भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मध्य में कलाकारो द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में उपस्थिति मिथिलेश सेन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एवं कार्यक्रम की प्रशंशा करते हुए महिला सशक्तिकरण की बात राखी। अंत में संस्था सदस्य सुषमा चंदनाहु ने सभी उपस्थित महिलाओ को तीज त्योहार की शुभकामनाए देते हुए अपने व्यक्तव्य में महिलाओ को आर्थिक रूप से सक्षम बनने हेतु शिक्षा एवं उत्कृष्ठ कार्यो के द्वारा अपनी पहचान बनाने पर बल दिया।




### युवाओं को दिया जा रहा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर भाटापारा जनपद अंतर्गत ग्राम बोरसी (ध) में आरसेटी रायपुर के माध्यम से 35 प्रतिभागियों को राजमिस्त्र प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी को राजमिस्त्री का दर्जा प्राप्त होगा। साथ ही इन्हें एनसीवीटी का सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। इस सर्टिफिकेट से राजमिस्त्री को बड़े-बड़े अधोसंरचना एवं निर्माण कार्यों में काम करने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को कौशल उन्नयन कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा प्रयास साबित होगा।



## खबर संक्षेप



### छात्राओं को दी गई गुड टच, बेड टच की जानकारी

सिमगा। ग्राम टण्डवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग तिल्दा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्राओं को गुड टच, बेड टच, पोषण एवं स्वास्थ्य, बालिका सुरक्षा तथा बाल विवाह संबंधी जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी रंजना ठाकुर, सेक्टर सुपरवाइजर प्रियंका तिवारी, स्कूल की प्राचार्या शिक्षक, पर्यवेक्षक पार्वती वर्मा, स्मिता परगनिहा उपस्थित थे।

### घनश्याम चंद्राकर पुनः बने न्याय कमेटी अध्यक्ष



खरोरा। चंद्रनाहूं क्षत्रिय समाज रायपुर राज के खौली उपक्षेत्र में दूसरी बार पुनः न्याय कमेटी घनश्याम चंद्राकर जी को उनके समाज के लोगों द्वारा चुना गया जिससे सामाजिक बंधुओं, माताओं मे पूरे उपक्षेत्र में खुशी की लहर है साथ ही उपक्षेत्र के अध्यक्ष पद हेतु जय प्रकाश चंद्राकर निवासी खौली, सचिव अनिल चंद्राकर, उपाध्यक्ष ध्रुव चंद्राकर, ट्रस्ट कमेटी में पंकज चंद्राकर, शिक्षण समिति में सुंदर चंद्राकर महिला सदस्य संतोषी चंद्राकर एवं शोभा चंद्राकर और अन्य ग्राम प्रमुख बनाए गए है। इन सभी के विजय से पूरे उपक्षेत्र में खुशी की लहर है और सभी लोगों का उत्साह समाज में चुनाव में दिखाई दे रहा था उस समय समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# गणेशोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह, सज गए बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

गणेश चतुर्थी के आगमन के साथ ही हिरमी व मोहरा के बाजारों में रौनक छा गई है। दुकानों पर भगवान गणेश की विविध आकार-प्रकार की प्रतिमाएं सजी हुई हैं, जिन्हें लोग बड़ी श्रद्धा से खरीदने पहुंच रहे हैं। इस वर्ष गणेश उत्सव 27 अगस्त से प्रारंभ होकर 7 सितंबर तक मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। बाजारों में मिट्टी और पीओपी से बनी प्रतिमाएं, रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक सजावट के साथ दुकानों की शोभा बढ़ा रही हैं। मूर्तिकारों द्वारा अंतिम रूप देने का कार्य जारी है, वहीं स्थानीय व्यापारी भी पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं।

## प्रतिमाओं की बिक्री शुरू, 100 से 5000 रुपए तक की मूर्तियां उपलब्ध



### मिट्टी की मूर्तियों की मांग में वृद्धि, कीमत बनी चुनौती

स्थानीय व्यापारी आर्यन और सुभाष वर्मा ने बताया कि मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग बीते वर्षों की तुलना में बढ़ी है, लेकिन उनकी कीमत अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण कुछ ग्राहक पीओपी की मूर्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। मिट्टी की मूर्तियां हैंडमेड होती हैं, इसलिए इनकी कीमत पीओपी की तुलना में अधिक होती है, जो ग्राहकों के बजट को प्रभावित करती है।

इस पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई उत्साहित है। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ बाजारों की चहल-पहल ने यह संकेत दे दिया है कि गणेशोत्सव इस बार पहले से ज्यादा भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। व्यापारियों के अनुसार बाजार में 100 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की गणेश प्रतिमाएं उपलब्ध हैं, लेकिन सबसे अधिक डिमांड 200 से 2500 रुपये तक की मूर्तियों की देखी जा रही है। इन मूर्तियों की डिजाइन, रंग-रूप और सजावट भक्तों को खासा आकर्षित कर रही हैं। बाजार में मूर्तियों के साथ-साथ सजावटी सामान, पूजा सामग्री और गणेश चतुर्थी से जुड़ी अन्य वस्तुओं की बिक्री भी तेज हो चुकी है।

## मांगो को लेकर जिला मुख्यालय में निकाली रैली, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# बलौदाबाजार में मितानिनों का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों ने मंगलवार को अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर शक्ति प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य मितानिन संघ के नेतृत्व में आयोजित इस विशाल रैली में लगभग दो हजार से ज्यादा मितानिनें शामिल हुईं। दशहरा मैदान से कलेक्टोरेट कार्यालय के लिए निकली इस रैली में महिलाओं ने प्रशासन को उनके वादे पूरे करने की याद दिलाई।

प्रशासन और पुलिस द्वारा रास्ते में रोकने के प्रयासों के बावजूद मितानिनें अडिग रहीं और कलेक्टोरेट तक पहुंचीं। बाद में अधिकारियों की समझाइश पर मितानिन संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को अटल परिसर पर ज्ञापन सौंपा।

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान मितानिनों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे शीघ्र पूरी नहीं की गई तो वे और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगी। हजारों की संख्या में एकजुट हुईं मितानिनों का यह प्रदर्शन जिले में चर्चा का विषय बना रहा और प्रशासन को भी हालात पर विशेष नजर रखनी पड़ी।



### वादे अधूरे, बढ़ा आक्रोश

मितानिनों ने आरोप लगाया कि चुनावी घोषणा पत्र 2023 में उनके हित में कई वादे किए गए थे, लेकिन आज तक उन्हें लागू नहीं किया गया। उनके अनुसार मितानिन कार्यक्रम, मितानिन प्रशिक्षक और हेल्प डेस्क कर्मियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में शामिल करने का आश्वासन दिया गया था। मितानिनों को 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का वादा भी अधूरा है। इसके साथ ही उन्होंने वेब ब्लॉक स्तर पर एनजीओ के अंतर्गत कार्य कराने का विरोध जताते हुए कहा कि शासन को यह ठेका प्रथा समाप्त करनी होगी।

## स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर कालिख पोतने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



पलारी विकासखंड के ग्राम जर्वे में स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर कालिख पोतने की शर्मनाक घटना ने ग्रामीणों को झकझोर दिया। 17 अगस्त की रात अज्ञात व्यक्ति ने समरसता भवन परिसर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी चौबीस राम चंद्रवंशी, झालूराम चंद्रवंशी और शालिग्राम चंद्रवंशी की प्रतिमाओं पर काला पेंट पोत दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने यह नजारा देखा तो गांव में आक्रोश फैल गया और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई।

घटना की रिपोर्ट ग्राम सरपंच किशन सिंह ध्रुव द्वारा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 298 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस की तत्परता से आरोपी चढ़ा हत्थे-पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन और थाना प्रभारी पलारी की टीम ने त्वरित जांच कार्रवाई शुरू की। विभिन्न पहलुओं से की गई जांच एवं सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम जर्वे वार्ड नंबर 04 निवासी नेतराम साहू (43) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने तीनों प्रतिमाओं और भवन पर काला पेंट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को 19 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों में गुस्सा, दोषी को नहीं बख्शने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है और दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कठोर कदम उठाए जाएं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं की नियमित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## शारिक खान चौथी बार जिला अभिभाषक संघ के बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

जिला अभिभाषक संघ के निर्वाचन में एक बार फिर पुराने नेतृत्व पर अधिवक्ताओं ने भरोसा जताया है। चुनाव परिणामों में चौथी बार मो. शारिक खान अध्यक्ष तथा चौथी बार गणेश शंकर साहू सचिव निर्वाचित हुए। वहीं सहसचिव पद पर दीनबंधू देवांगन ने अपने प्रथम प्रयास में ही जीत दर्ज कर कार्यकारिणी में स्थान बनाया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीमा रानी करीम, सहायक निर्वाचन अधिकारी नारायण यादव एवं सोनम साहू ने जानकारी दी कि कुल 268 मतदाताओं में से 250 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।

**इस प्रकार रहे घोषित परिणामः** अध्यक्ष पद : मो. शारिक खान 139, धनंजय साहू 100, कालिंदी वर्मा 09, दो मत निरस्त। खान 39 मतों से विजयी। उपाध्यक्ष (पुरुष) : विजय आनंद बनर्जी 127, संतोष कुमार कन्नौजे 119, चार मत निरस्त। बनर्जी 8 मतों से विजयी।

सचिव पद : गणेश शंकर साहू 133, गणेश बघमार 115, दो मत

## पेज 9 के शेष

### साइबर ठगी से ...

प्रतिनिधियों से अपील की कि साइबर अपराध से बचाव के लिए बनाए गए टोल फ्री नंबर 1930 का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। यह नंबर साइबर ठगी की सूचना देने के लिए बनाया गया है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। रथ अभियान इसी जागरूकता को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास है।

### महुआ शराब बनाने...

अधिनियम की धारा 34(2), 59क, और 34(1)(च) के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि इसी प्रकार निरंतर कार्रवाई होती रही, तो आने वाले समय में कसडोल और आसपास के गांवों को अवैध महुआ शराब से मुक्त किया जा सकता है। हालांकि अब भी कई डेरों में रोजाना तस्करी का धंधा खुलेआम चल रहा है, जिस पर स्थायी अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

**डेरे से चल रहा था तस्करी का खेलः** कसडोल क्षेत्र के हंसुआ बलौदा और घटमडवा डेरा में लंबे समय से अवैध महुआ शराब की तस्करी की जा रही है। इन डेरों में तड़के सुबह 4 बजे से ही अवैध शराब निर्माण का काम शुरू हो जाता है। इन शराबों की आपूर्ति आसपास के गांवों में होती है, जहां जहरीली महुआ शराब खुलेआम बिकती है। यह सिलसिला वर्षों से जारी है, और तस्कर कानून का कोई खौफ नहीं रखते।

### तीजा-पोरा उत्सव

प्रभारी धनीराम रजक, मोनू समुंद्रे, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल मंडल उपाध्यक्ष कल्याण ध्रुव, जीतू यादव शाला समिति उपाध्यक्ष,जैसे अन्य प्रमुख व्यक्तियों के साथ आमंत्रण कार्ड देने पहुंचे।


### खाद्य विभाग का...

**में खाद्य सामग्री देना प्रतिबंधितः** निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे अखबार में खाद्य सामग्री न बांधें, क्योंकि यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि यदि किसी दुकान में ऐसा पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा।

**रायपुर भेजे गए मिठाई व तेल के नमूने :** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए कसडोल और पलारी क्षेत्र के होटल, मिठाई दुकानों और ढाबों से लिए गए 16 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु रायपुर की राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। साथ ही किराना दुकानों से 6 अन्य नमूने भी संकलित किए गए हैं। विभाग ने विशेष तौर पर दूध, मिठाई और तैलीय खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर फोकस किया है।

## सिंचाई नहर की बदहाल स्थिति से परेशान किसान, मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



सिंचाई कार्यालय भटगांव के अंतर्गत आने वाली बिला प्रवर्तक नहर अब सरकारी दस्तावेज़ों में तो मौजूद है, लेकिन धरातल पर इसका नामो निशान तक खत्म हो चुका है। नहर पूरी तरह से घास-पुस से लदी हुई है और इसका रख-रखाव न के बराबर है। शासन-प्रशासन की उपेक्षा के कारण किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस समस्या से करीब 12 से 14 गांवों के सैकड़ों एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों की फसलें सूखने लगी हैं।

किसानों ने बताया कि फसल की नीदाई तो कर ली गई है, लेकिन पानी न मिलने के कारण फसल की बढ़ोतरी रुक गई है। वे आसमान को टकटकी लगाए हुए हैं, ताकि बारिश हो और उनकी फसलों को जीवन मिल सके। भादो (अगस्त) के इस महीने में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन सिंचाई न होने से उनकी मेहनत व्यर्थ जा रही है।

### आश्वासन के बाद भी काम ठप

2022 में पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने इस नहर के लानींग कार्य के लिए स्वीकृति मिलने की जानकारी दी थी। परंतु अब तक कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। 14 जून 2025 को खम्हरिया में हुए जिला स्तरीय समाधान शिविर में किसानों ने मरम्मत के लिए मांग पत्र भी दिया था। सिंचाई विभाग के एसडीओ चन्द्राकर ने मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया था, पर कार्य नहीं हो पाया है।

### तत्काल मरम्मत हो और सिंचाई बहाल हो

किसान अब शासन-प्रशासन से निवेदन कर रहे हैं कि बिला नहर की मरम्मत अविलंब कराई जाए ताकि सिंचाई पुनः सुचारु हो सके। नहर की स्थिति सुधारने में यदि सरकार और संबंधित विभाग समय रहते ध्यान देते तो आज किसानों को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता। किसानों का कहना है कि उनकी आय इसी नहर पर निर्भर है, और उनका संघर्ष बिना पानी के अधूरा रह जाएगा। प्रशासन की इस उदासीनता से किसान निराश हैं और जल्द कार्यवाही की उम्मीद कर रहे हैं।

## ज्योति कलश रथयात्रा पहुंची नवागांव भक्ति और सद्भाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत नवागॉव में कार्यक्रम में शामिल भक्तजन ईश्वर की आराधना के प्रति जीवन में धार्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से देशभर में ज्योति कलश रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में मंगलवार को यह रथयात्रा नवागॉव पहुंची, जहां श्रद्धालुओं और गांव वासी ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

रथ यात्रा के सह यात्रियों ने गायत्री परिवार द्वारा संचालित विभिन्न आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी लोगों को दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में देवत्व की भावना जागृत करना और धरती को स्वर्ग बनाने के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। रथ में देवी गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं उनकी धर्मपत्नी माता भगवती देवी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। रथ में स्थित प्रतिमा के समक्ष अखंड दीपक भी प्रज्वलित है, जो सतत रूप से ईश्वर के प्रकाश और ज्ञान का प्रतीक है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ के समीप पहुंचकर देवी को प्रणाम कर मंगलकामनाएं कर रहे हैं, गायत्री परिवार के सदस्यों केसर साहू और वीरेंद्र साहू ने बताया कि शांतिकुंज के निर्देशानुसार बलौदाबाजार जिले के सभी प्रखंडों में रथ भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से समाज में सद्भाव, सेवा, संस्कार और संस्कृति के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। आध्यात्मिक रंग में रंगा नवागांव रथ यात्रा के दौरान गायत्री परिवार की सैकड़ों महिला सदस्य पीले वस्त्रों में सजी हुईं, जो हाथों में मंजीरा लेकर भजन-कीर्तन करते हुए गॉव भ्रमण में शामिल रहीं, हरि नाम संकीर्तन, ढोलक की थाप और भक्ति के माहौल ने पूरे नवागॉव को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया, बाद में यह रथ यात्रा नवागॉव भ्रमण कर कामता, लांजा, पौसरी, सिमगा के लिए भक्ति भाव के साथ रवाना हुई।



## अमोदी में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**मुड़पार सरसीवां** । पीएम श्री शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला अमोदी में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दोनों शाला के सभी बच्चों में उत्साह देखा गया। कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की योजना पूर्व दिवस बनाई गई थी जिसमें कुछ बच्चों द्वारा राधा रानी व श्री कृष्ण के स्वरूप में तैयार होकर स्कूल आए सभी पालकों को इस कार्यक्रम की जानकारी दी गई थी।

पालक एवं गढ़ मान्य नागरिक शाला प्रांगण में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद लिए। दोनों स्कूल के कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने मटका फोड़ कार्यक्रम में भागीदारी ली, मटका फोड़ कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक रहा जिसमें गांव के पालकगण साउंड बॉक्स की आवाज की धुन में कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह बढ़ाए। मटका फोड़ने में कक्षा आठवीं की अमीषा पटेल प्रथम, द्वितीय में प्रकाश पटेल कक्षा आठवीं से एवं तृतीय विजेता के रूप में कक्षा दूसरी की अनन्या पटेल ने जीत हासिल की। सभी विजेता को पुरस्कृत किया गया।

न्यायालय श्रीमान दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)

ध्रुव कुमार चौधरी ......आवेदक

// विरूद्ध //

रतिराम फेकर वगैरह ...अनावेदकगण

सी.टी.प्र.क्र 351/2019
पेशी ता. 21/08/2025
आदेश दिनांक 14/08/2025
प्रोसेस क्र. - 479

समंस

प्रति 1. रतिराम फेकर पिता नामालूम निवासी महावीर मंदिर पारा, पटपार भाटापारा, जिला बलौदा बाजार छ.ग. .......अनावेदक क्र. 01
2. देवचरण कोशले पिता बुधराम कोशले निवासी महावीर मंदिर पारा, पटपार भाटापारा, जिला बलौदा बाजार छ.ग. ...अनावेदक क्र. 02

आपके विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक द्वारा मोटर दुर्घटना में आई चोटो की क्षतिपूर्ति के संबंध में दावा आवेदन मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 166 के तहत दावा आवेदन पेश किया गया है। उक्त आवेदन की सुनवाई दिनांक 21/8/2025 को होना है, अतः आपको इस नोटिस/ समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप सुनवाई दिनांक 21/8/2025 को दिन के 11:00 बजे स्वयं या प्लीडर/अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात (हाजिर) हो सकते है, जिसे सम्यक आदेश दिये हो और इस दावा से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिए तैयार रखे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। यदि सुनवाई तिथि को न्यायालय में हाजिर नहीं रहेंगे तो आपके विरूद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 21/8/25 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18/08/2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक-18/08/2025
स्थान-बिलासपुर छ.ग.

आदित्य जोशी
दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

# बाल कल्याण समिति के पंजी एवं कार्यप्रणाली का लिया गया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- नशा मुक्ति केंद्र के 15 हितग्राहियों से संवाद, नशा मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प



अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा बाल कल्याण समिति बलौदाबाजार का भ्रमण किया गया जिसमे बाल कल्याण समिति के द्वारा संधारित किये जा रहे पंजी एवं उनके कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। पीड़ित बालकों से संबंधित योजनाओं एवं विधि के विषय में बाल कल्याण समिति से चर्चा की गई।

इसी दिन नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति केंद्र बलौदाबाजार का भी दौरा किया गया, जहाँ 15 हितग्राही नशा मुक्ति हेतु उपचार प्राप्त कर रहे थे। उनके साथ संवाद कर नशा छोड़ने के फायदे, नशा मुक्ति अभियान की कार्यप्रणाली तथा पुनर्वास के महत्व को समझाया गया।

**नशा छोड़ने से स्वास्थ्य, सामाजिक व आर्थिक सुधार संभव :** नशा मुक्ति केंद्र के हितग्राहियों ने बताया कि नशा के कारण शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। नशा छोड़ने के बाद उन्होंने शारीरिक व मानसिक सुधार अनुभव किया। वे परिवार एवं समाज से जुड़कर आर्थिक रूप से स्थिर हुए हैं। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने नशा मुक्ति केंद्र की गतिविधियों एवं प्राधिकरण की सहायता प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी।

### नशे से दूर रहें और दूसरों को भी करें प्रेरित

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनसामान्य से आग्रह किया गया कि नशा मुक्ति केंद्रों और अस्पतालों में उपलब्ध उपचार और परामर्श सेवाओं का लाभ लें। नशा मुक्ति एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन सामूहिक सहयोग और जागरूकता से इसे संभव बनाया जा सकता है। नशा मुक्त समाज देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सभी से अपील की गई कि नशा से दूर रहें और दूसरों को भी इससे बचाने के लिए प्रयासरत रहें।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2
शो समय -12:00,3:00,6:30,9:00 PM
कुली
शो समय - 3:15, 9:30 PM
महावतार नरसिम्हा
शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### लीना जायसवाल का एमबीबीएस में चयन



**कसडोल।** कसडोल की मेधावी छात्रा लीना जायसवाल ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर में हुआ है। लीना शुरू से मेधावी रही हैं, कक्षा 8वीं में बलौदाबाजार जिले में प्रथम रहीं, 10वीं में नवोदय विद्यालय लवन से 97% अंक प्राप्त किए और 12वीं डीएवी छरछेद से उत्तीर्ण कर आकाश इंस्टिट्यूट बिलासपुर से तैयारी की। लीना अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता कुसुम और फगवराम जायसवाल (दोनों शिक्षक) को देती हैं। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता मिलती है। उनकी सफलता पर क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू, गुरुजन और परिजनों ने बधाई दी है।

### जपं अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर से मिला प्रतिनिधि मंडल



सिमगा। जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ दौलत राम पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर बलौदाबाजार से मुलाकात कर विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्याप्त समस्याओं के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया। आवेदन में बताया गया है कि नल जल योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलईडबरी में कार्य अपूर्ण की जांच करने बाबत, ग्राम दुलदुला हरीनभट्ठा पहुंच मार्ग मरम्मत कार्य बाबत, जनपद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी, स्कूल जर्जर भवनों के मरम्मत करने आदि प्रमुख है। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला सभापति अश्वनी पाल सहित सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे, सुरेश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली महासमुंद में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी व सरपंच प्रतिनिधि सुधीर बंजारे ने बताया कि वह ग्राम पंचायत भवन घोड़ारी में बैठा था। इसी दौरान ग्राम घोड़ारी निवासी खेमराज जांगड़े पिता स्व. श्याम रतन जांगड़े वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पंचायत भवन के टेबल पटकने के साथ सरकारी दस्तावेजों की छीनझपट की।

## अमृत सरोवर स्थलों पर किया गया ध्वजारोहण

**बलौदाबाजार।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के 86 अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता, तिरंगा यात्रा,जल संचयन एवं जल संरक्षण के महत्व एवं स्कूलों में निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि मिशन अमृत सरोवर की शुरुआत 24 अप्रैल 2022 को की गई है, जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ी के लिए जल संचयन एवं संरक्षण करना है।इसके तहत कम से कम 1 एकड़ का तालाब क्षेत्र होगा, जिसकी जल धारण क्षमता लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर होगी। हर अमृत सरोवर नीम, पीपल और बरगद आदि पेड़ों से घिरा होगा। यह सिंचाई, मत्स्य पालन, बत्तख पालन, सिंघाड़े की खेती, जल पर्यटन और अन्य गतिविधियों के लिए पानी का उपयोग करके आजीविका का स्रोत होगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







**पर्व :** देशभक्ति गीतों और नृत्य से गूंजा स्कूल परिसर, बच्चों ने बढ़ाया उत्साह

# जश्ने आजादी पर होनहार छात्रों को दिया गया लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रीजन-5 बलौदाबाजार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के 7 मेधावी छात्रों को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन सोमवार, 18 अगस्त को बलौदाबाजार के एएमसीसी भवन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मुकेश पात्रे (बेमेतरा), रौशनी रात्रे (बलोदी, पलारी), तेजस्वी राठौर (कवर्धा), आर्यन जांगड़े (मरदा, लवन), संजना बंजारे (धौरा भाठा, बेमेतरा), रिया महंत (संजय कॉलोनी, बलौदाबाजार) और मधु निषाद (महासमुंद) को लैपटॉप प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि नरेंद्र मित्तल, रीजनल मैनेजर, एसबीआई ने विद्यार्थियों को लैपटॉप सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसबीआई की यह पहल डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है, जिससे वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा।

**डिजिटल अंतर को कम करने की दिशा में एक कदम :** रीजनल मैनेजर नरेंद्र मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस सम्मान का उद्देश्य केवल पुरस्कार देना नहीं, बल्कि डिजिटल संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। लैपटॉप मिलने से छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर निर्माण में मदद मिलेगी। यह बैंक की सीएसआर योजना के तहत की गई एक प्रेरक पहल है।

**बैंक अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति :** इस मौके पर नरेंद्र बोरकर (चीफ मैनेजर, एएमसीसी बलौदाबाजार), अमित पोरवाल (एचएलसी चीफ मैनेजर), रवि कुमार लाल (मैनेजर, एचआर), नितिन यादव (मैनेजर सैंक्शन), मनोज कुमार पटेल (मैनेजर मेंटेनेंस) और जॉन गुलशन बारला (सीनियर असिस्टेंट, एचएलसी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ संकुल रोहिना में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में गांव के गणमान्य नागरिक, पालकगण, स्थानीय प्राधिकारी, शिक्षाविद् तथा स्व सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति में ईश्वर प्रसाद लहरे उपसरपंच ग्राम पंचायत जुनवानी, भगत राम लहरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, रोहित कुमार खूंटे पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत जुनवानी के द्वारा भारत माता के चलचित्र पर पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान सामूहिक रूप से गाया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला हरदी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, कविता, भाषण, रिकार्डिंग डांस प्रस्तुत किए जो बहुत सराहनीय रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लवली, देविका, मोनिका, सिमरन, दीप्ति, पंकज, शुभम, प्रतीक, आशीष, पीयूष का प्रस्तुति बहुत अच्छा रहा। सभी बच्चों के प्रतिभा, प्रस्तुति को देख कर अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिले।

अनुशासन का पालन करने की दी सीखः ग्राम पंचायत जुनवानी के सरपंच हुलेश टंडन ने बच्चों के प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कड़ी मेहनत करने, अनुशासन का पालन करने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। ईश्वर प्रसाद लहरे उपसरपंच ग्राम पंचायत जुनवानी ने शाला के विकास हेतु सहयोग देने का आश्वासन दिया। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भगत राम लहरे ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु लगन और समय का सदुपयोग, शासन से मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा किया। संस्था के प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने अपूर्ण आहता के निर्माण हेतु अतिथियों के समक्ष मांग रखी। शाला के विकास हेतु सहयोग करने हेतु अपील किया, साथ ही नियमित उपस्थिति पर सहयोग करने कहा।



बच्चों को किया गया टाई-बेल्ट का वितरणः प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सभी बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था किया गया। ग्राम पंचायत जुनवानी द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में निर्मला, तिहारिनबाई, पितर खूंटे, चंद्रिका खूंटे, किरण खूंटे, कोनिका, सोनिया, कुमकुम, तनीषा, करीना, रामदयाल खूंटे, बृज लाल, कुलकित, सुनील कुमार खूंटे पंच, गजेंद्र, निर्मल खूंटे के साथ साथ मितानिन, रसोइया, माताएं, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रहा।

### त्रिगड्डा चौक में धूमधाम से फहराया गया तिरंगा



**सुहेला।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम सुहेला के त्रिगड्डा चौक में तिरंगा झंडा बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ फहराया गया। यह आयोजन ग्राम के प्रमुख स्थल त्रिगड्डा चौक पर संपन्न हुआ, जहाँ शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच मोगरा घृतलहरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और चारों ओर देशभक्ति के नारों की गूंज सुनाई दी। बच्चों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और ग्रामवासियों ने इसे यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### नवापारा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, डॉ. दौलतराम पाल ने किया ध्वजारोहण



**हथबंद।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर जनपद अध्यक्ष सरपंच पंच सैनिक सहित शिक्षक गड़ शाला परिसर के स्कूल छात्र छात्राएं गांव के गणमान्य नागरिक ध्वजारोहण में शामिल रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा डॉ दौलतराम पाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की आजादी का प्रतीक है और हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग को याद करने का अवसर प्रदान करता है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ध्वजारोहण समारोह में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन और बच्चे उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल ने ध्वजारोहण किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर देशभक्ति गीत और नृत्य का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सरपंच ने कहा कि यह दिन हमें देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार के आयोजन देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**खरोरा।** ग्राम कठिया नंबर 1 के शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों पर ध्वजारोहण के साथ ही बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर माहौल को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेमेंटो और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समाजसेवी अशोक कुमार वर्मा, दाऊ लाल पाल, कुमार जांगड़े, रेखराम वर्मा एवं हेमंत वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, वरिष्ठजन, विद्यालय प्रबंधन समिति, पालक समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में शाद तरन्नुम ने औपचारिक आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**खरोरा।** तिल्दा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में 79वी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य एवं समस्तग्रामवासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण और प्रभातफेरी के पश्चात शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य, देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएं आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए इसमें शाला के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। इस स्वतंत्रता दिवस के सम्बन्ध में शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों एवं ग्रामवासियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरित कर प्रसाद (मिठाई) का वितरण किया गया।



## पैंजनी में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**मुंडा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व मध्य शाला पैंजनी में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व बड़ी उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर वर्मा एवं रामेश्वरी वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला के प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा द्वारा किया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूल के छात्रों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, इन बच्चों को ग्राम के सरपंच लोकेश्वर वर्मा एवं उपसरपंच द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया साथ ही गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल के शिक्षक विनोद कुमार पटेल, सुकृता सेन आदि द्वारा स्कूल बैग, पानी वाटर, कॉपी,पेन,पैसा आदि दे करके उनके प्रतिभा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच हलदर वर्मा, अनीता वर्मा, पंच गायत्री वर्मा, संजय टंडन, अंजलि बंजारे, गायत्री वर्मा, धनेश कुमार वर्मा, शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू, लोमस कोसर, अरुण कुमार रात्रे, ज्यामिति यदु, सुनीता ध्रुव, हुलसी वर्मा, गीतांजलि पटेल, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मी वर्मा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। आभार प्रदर्शन पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक संतोष पैकरा ने किया।

**बलौदाबाजार जिला शाखा भी उतरेगी आंदोलन में**

# 22 अगस्त के आंदोलन को पेंशनर्स एसोसिएशन का समर्थन, डीए भुगतान की मांग पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बलौदाबाजार द्वारा 22 अगस्त को होने वाले छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन को समर्थन दिया है। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष पीके हिरवानी ने बताया कि पेंशनरों की मुख्य मांग लंबित दो प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता भुगतान की है। जिसे छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने इस महत्वपूर्ण मांग को मांग पत्र में शामिल किया गया है। इसी कारण पेंशनर्स एसोसिएशन 22 अगस्त की आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जिला अध्यक्ष पीके हिरवानी ने बताया कि जिला शाखा पेंशनर्स एसोसिएशन के राजाराम यदु पी आर धीवर टीसी वर्मा, राजभान सिंह, मंगल सिंह ध्रुव, कोमल प्रसाद साहू, कार्तिक राम ध्रुव, दशरथ लाल वर्मा, नंदकुमार वर्मा, गणेश राम साहू, नकुल साहू, सालिक राम वर्मा, हेमलाल रजक, रामाधार रजक, कीर्ति वर्मा, त्रिवेणी धीवर, टेकराम वर्मा, शंकर लाल निर्मलकर, राजमती चंद्राकर, कैलाश बाई ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, डिंपल चंद्राकर, पुष्पा वर्मा, मारकंडे साहू, अजूबा कन्नौजे, बोधीराम साहू, शैल त्रिवेदी आदि ने समर्थन दिया है।

### मुख्यमंत्री की घोषणा से कर्मचारी संतुष्ट नहीं

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा कि जिस पर कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा से कर्मचारी संतुष्ट नहीं है। मांग देय तिथि से दिए जाने को लेकर हुई है। हमारा एरियर्स राशि को जमा किया जाए। बार-बार अनदेखा कर प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के साथ धोखा किया गया। सरकार की आश्वासन से संतुष्ट नहीं है हड़ताल होकर रहेंगे।

